**अपराध** — 3 नकाबपोश चोर सीसीटीवी में कैद, फॉरेंसिक टीम, साइबर सेल ने शुरू की जांच

# लक्षन सेठ ज्वेलर्स से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**नवभारत,पटेरा 21 सितंबर। पटेरा में चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वार्ड क्रमांक-1 स्थित लक्षन सेठ ज्वेलर्स में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर दाखिल हुए और सोने-चांदी के आभूषणों के साथ नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है। दुकान संचालक द्वारा पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार 19 सितंबर की रात करीब 8 बजे उन्होंने दुकान बंद की और मकान के ऊपर चले गए। सुबह करीब 6:30 बजे पड़ोसी संजय सिंह राजपूत ने फोन कर बताया कि दुकान के नीचे सामान बिखरा पड़ा है।**



### दुकान का सामान बिखरा पड़ा था

सूचना मिलते ही दुकान संचालक अपनी पत्नी प्रगति साहू के साथ दुकान पर पहुंचे। दुकान के अंदर जाकर देखा तो तिजोरी और शोकेस टूटे हुए थे तथा सामान बिखरा पड़ा था।

### करीब 10 से 12 किलो चांदी चोरी

रिपोर्ट में दुकान संचालक ने बताया कि चोर शोकेस में रखी बड़ी मात्रा में चांदी के जेवरात ले गए। इनमें चांदी की पायल, चूड़ियां, चैन, ताबीज, छल्ले, हाथ-पैर के आभूषण, बच्चों की पायल, बिछिया, ब्रेसलेट, कुलाबा सहित अन्य आभूषण शामिल बताए गए हैं। चोरी हुए चांदी के सामान का वजन करीब 10 से 12 किलो तथा अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई गई है।

### 80 हजार रुपये भी ले गए चोर

इसके अलावा दुकान में रखे सोने के आभूषणों में लॉकेट, पुराना सोना, अंगूठी, बाली और नथ सहित अन्य सामान भी चोरी होने की जानकारी दी गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई गई है। वहीं ड्राज में रखी करीब 80 हजार रुपये नकदी भी चोर ले गए।

### चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में चिंता



नगर में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं को लेकर जिला व्यापारी महासंघ तहसील इकाई पटेरा ने पुलिस अधीक्षक दमोह के नाम ज्ञापन सौंपकर नगर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। व्यापारी महासंघ अध्यक्ष स्वप्निल सिंघई के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि पटेरा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारियों और आम नागरिकों में चिंता एवं असुरक्षा का माहौल है।

### सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए

घटना की जांच के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज में 20 सितंबर की रात करीब 1:20 बजे से 3 बजे के बीच तीन अज्ञात व्यक्ति दुकान के अंदर चोरी करते दिखाई दिए। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाने में लगी है।

## दस लक्षण पर्व की धूम, जैन धर्म के अनुयायियों में दिखा उत्साह



**नवभारत, कुम्हारी।** श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर कुम्हारी में जैन धर्म का सर्वोच्च महापर्व 'दशलक्षण' अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भाद्रपद मास के इस पावन अवसर पर मंदिर में प्रतिदिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान, अभिषेक, शांतिधारा और दशलक्षण विधान मंडल की पूजा आयोजित की जा रही है। पर्व के अंतर्गत भक्तों ने उत्तम संयम धर्म की विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर के विद्वान बल्लू शास्त्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दशलक्षण पर्व सिर्फ उपवास का नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने और अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगने का पर्व है। 10 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में जैन समाज के लोग संयम, त्याग और सात्विक जीवन का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन समाज के युवा मंडल व महिला मंडल का विशेष सहयोग मिल रहा है। मंदिर समिति ने बताया कि आगामी 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के मुख्य उत्सव के साथ इस महापर्व का समापन होगा, जिसके बाद विश्व-मैत्री दिवस (क्षमावाणी पर्व) मनाया जाएगा।



### सुगंध दशमी पर धूप की सुगंध से महका पारसनाथ मंदिर परिसर

**नवभारत,जबेरा।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार को जैन समाज की महिलाओं द्वारा सुगंध दशमी (धूप दशमी) का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने उपवास रखा विधि-विधान से भगवान जिनेंद्र का पूजन-अर्चन किया।

## बच्चों ने चित्रकला से दिया जागरूकता का संदेश






**कुम्हारी, नवभारत।** विकसित भारत के तत्वाधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन जोधन सिंह बुंदेला मेमोरियल स्कूल में किया गया। जहां छात्र-छात्राओं ने अपनी मनपसंद चित्र कला के माध्यम से जागरूकता वाले चित्र बनाए। जिसमें मानव मस्तिष्क,पर्यावरण जागरूकता और वृक्षारोपण से जुड़े चित्र बनाये गये। इस दौरान प्रथम, द्वितीय, तृतीय छात्रों को संस्था द्वारा पुरस्कार भी दिया गया। कामिनी लोधी कक्षा छठवीं प्रथम, द्वितीय मोनिका लोधी कक्षाआठवीं,तृतीय आस्था सेन कक्षा चौथी, चौथा पुरस्कार शिवम लोधी कक्षा दसवीं, पांचवा पुरस्कार छवि लोधी कक्षा आठवीं चित्रकला में कुछ अलग और मेहनत से अपना हुनर दिखाया सभी के लिए पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम मे प्रधान पाठक आर एस विश्वकर्मा, एवं अनिल पटेल, दयाराम चौधरी, जीतेन्द्र यादव, छोटे लाल वासुदेव, सहित शाला के शिक्षकों की उपस्थिती रही।

## तेजगढ़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,तेजगढ़/दमोह।** शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पड़रिया, तेजगढ़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।चित्रकला प्रतियोगिता में दशोदा प्रथम, डाल सिंह द्वितीय और दीक्षा ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं निबंध प्रतियोगिता में अंजनी अहिरवार प्रथम, विद्या ठाकुर द्वितीय और साधना ठाकुर तृतीय रहीं। सभी विजेता बच्चों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र व रजिस्टर प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष ठाकुर लक्ष्मण सिंह व शिक्षक लखन सिंह ठाकुर सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। शिक्षक महेंद्र कुमार दीक्षित ने




सेवा संकल्प अभियान के लक्ष्य और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश के लिए लिए गए संकल्पों को पूरा करने में समाज, विद्यार्थी और नागरिकों की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है।शिक्षक लखन ठाकुर ने विद्यालय में लगातार आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने गुरु पूर्णिमा और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के आयोजन को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिका सोनाली दुबे एवं शिक्षक राजेश शर्मा उपस्थित रहे। शिक्षक प्रशांत निगम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बच्चों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। अंत में जयकारों के साथ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





## जल-जंगल-पहाड़ों को सहेज कर रखे : दादा गुरु

**नवभारत, तेंदुखेड़ा।** नगर के मंडी परिसर मे राधा ज़ी का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सेकड़ों की संख्या में धर्म प्रेमी शामिल हुए। इस दौरान निबोरा से तेंदुखेड़ा तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें यादव समाज के सेंकड़ों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा मंडी परिसर मे समाप्त हई। कार्यक्रम में विगत पांच वर्षों से अधिक समय से नर्मदा ज़ी की परिक्रमा कर रहे योगी दादा गुरु ने कार्यक्रम मे शामिल होकर मंडी परिसर में हुई जनसभा में जल जंगल और पहाड़ों का महत्त्व को विस्तार से समझाया। उन्होंन जल, जंगल में लगे पेड़ पौधों सहित पहाड़ों को सहेजकर इनकी रक्षा करने का आव्हान किया।

## वन विभाग की कार्रवाई : 22 हरी बल्लियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

- बटियागढ़ वन परिक्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन पर शिकंजा, वाहन चालक से पूछताछ जारी

**नवभारत,बटियागढ़/दमोह।** वन विभाग ने अवैध रूप से लकड़ी के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 22 हरी बल्लियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। बटियागढ़ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान वाहन को अपने कब्जे में लेकर लकड़ी की जांच शुरू कर दी है।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में हरी लकड़ी की बल्लियां ले जाई जा रही थीं। टीम को इसकी



जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर वाहन को रोका गया और जांच की गई। जांच के दौरान ट्रॉली में 22 हरी बल्लियां बरामद हुईं। इसके बाद वन विभाग ने लकड़ी सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया।विभाग द्वारा जब्त लकड़ी की प्रजाति और उसकी कीमत का आकलन किया जा रहा है। साथ ही लकड़ी कहां से काटी गई और इसे कहां ले जाया जा रहा था, इसकी भी जांच की जा रही है। वन विभाग की कार्रवाई के बाद अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन करने वालों में हड़कंप की स्थिति है। डिप्टी रेंजर मुकेश कुमार ने बताया कि बलदाऊ वैध निवासी छोटी पथरिया को महिंद्रा ट्रैक्टर ओर ट्राली के साथ पकड़ा गया था जिस पर बन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी राहुल वर्मा प्रहलाद बैगा आशीष जैन ने कहा कि वन संपदा की अवैध कटाई और परिवहन के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।




## वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश का संभागीय सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित

**नवभारत,दमोह।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता के निर्देशन में कटनी-दमोह संभागीय सम्मेलन मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष, कार्यक्रम अध्यक्ष जयंत मलैया विधायक दमोह,विशिष्ट अतिथि श्याम शिवहरे भाजपा जिला अध्यक्ष,प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मलैया, दया शंकर कनकने,संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल,वीरेन्द्र असाटी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष असाटी समाज के आतिथ्य में वैश्य महासम्मेलन की देवी मांलक्ष्मी के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना से हुई,संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने कहा वैश्य महासम्मेलन के संरक्षक जयंत मलैया के आशीर्वाद से आज दमोह में वैश्य भवन है,जहां साल भर बैठक और समाज का कार्य होता है,वैश्य महासम्मेलन संभाग की सभी तहसील में इकाई है और वार्षिक कार्य संपन्न होते है,वीरेंद्र असाटी ने कहा किसी भी संगठन में उसके कार्यकर्ता और कार्यक्रम में उसके सदस्यों को सामने आकर जिम्मेदारी से कार्य एवं प्रवास उसके निचले स्तर तक की गाँव तहसील पंचायत की इकाई तक उद्देश्य पहुंचना उसका कर्तव्य निर्वहन संगठन की सार्थकता को सारगर्भित करेगा।

## कलयुग तेरी कला निराली, राशन जैसी खुली कलारी बुंदेली लोकगीत में गूंजा बंडा शराब कांड का दर्द

**एक दिन में 10 लाख से अधिक तक पहुंचा बुंदेली गाना**

**नवभारत,दमोह।** सागर जिले के बंडा में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद अब यह मामला सोशल मीडिया और बुंदेली लोकगीतों में भी चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर जहां इनफ्लुएंसर अलग-अलग अंदाज में घटनाक्रम को लेकर संदेश साझा कर रहे हैं, वहीं बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगायक जित्तू खरे बादल ने बुंदेली लोकगीत के माध्यम से शराब के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया है। हाल ही में एक स्टेज शो के दौरान भी बंडा शराब कांड का जिक्र बुंदेली लोकगीत के माध्यम से किया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर विवादों में रहा। इसके बाद जित्तू खरे बादल ने अपने फेसबुक पेज और यूट्यूब चौनल पर कलयुग तेरी कल निराली, राशन जैसी खुली कलारी शीर्षक से बुंदेली गीत पोस्ट किया।

### कुछ ही घंटों में करीब 7 लाख 40 हजार लोगों तक पहुंचा गीत

जित्तू खरे बादल द्वारा फेसबुक पर गीत पोस्ट किए जाने के कुछ ही घंटे बाद यह बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच गया। उनके अनुसार,




गीत करीब 7 लाख 15 हजार लोगों तक पहुंच चुका है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर लगातार चर्चा हो रही है। बुंदेलखंड के साथ अन्य क्षेत्रों के लोग भी इस गीत को सुन रहे हैं और शराब के खिलाफ दिए गए संदेश की चर्चा कर रहे हैं। गीत में बंडा की घटना के दर्द को भावुक अंदाज में सामने रखते हुए शराब और नशे के कारण उजड़ते परिवारों की पीड़ा को बयां किया गया है। गीत में बताया गया है कि शराब की वजह से कई माताओं और बहनों के आंसू थम नहीं रहे हैं, कई परिवारों ने अपने अपनों को खो दिया और कई महिलाओं के सुहाग उजड़ गए। लोकगीत के माध्यम से अवैध शराब के कारोबार और नशे से पैदा होने वाली सामाजिक बुराइयों पर भी सवाल उठाते हुए लोगों को इससे दूर रहने का संदेश दिया गया है। गीत का उद्देश्य घटना का जिक्र करने के साथ समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना बताया गया है।

### जागरूक करने दिया पैगाम

गीत के अंत में लोकगायक ने संदेश दिया कि लोग चाहे उन्हें कोई नाम दें या बदनाम करें, उनका मकसद समाज को जागरूक करना है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने की अपील की। बंडा शराब कांड की पीड़ा को बुंदेली लोकभाषा और संगीत के माध्यम से सामने लाने वाला यह गीत अब सोशल मीडिया पर तेजी से लोगों तक पहुंच रहा है।

### एक नजर में



**विमान पर सवार होकर आज निकलेंगे राधा कृष्ण**

**नवभारत, तेंदुखेड़ा।** नगर से लगे बम्होरी ग्राम पंचायत मे हर वर्ष की तरह जन्माष्टमी को ठाकुर जगत सिंह लोधी के यहाँ रखें जा भगवान राधा कृष्ण के विमान को ग्राम में घुमाकर जल विहार किया जाएगा। इस संबंध में सुरेश सिंह, तिलक सिंह, टेक सिंह, लोधी ने बताया की जन्माष्टमी को हमारे पूर्वजों द्वारा विगत 250 वर्षों से अधिक समय से भगवान की झांकी विमान में रखी जाती है जो ढ़ोल ग्यारस को पूरे ग्राम मे घुमाने के बाद स्कूल के पास में रखा जाता है। जहाँ हजारों लोग भगवान की झांकी के दर्शन कर आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। वहीं स्कूल परिसर में हर वर्ष की तरह विशाल इनामी दंगल का आयोजन जिसमे जबलपुर, सागर, दमोह, देवरी, पाटन, सालिया, बम्होरी सहित आसपास के दर्जनों पहलवान अपनी कुस्ती कला का प्रदर्शन करेंगे।



**उर्स मुबारक चिश्ती नगर से शानो-शौकत के साथ निकला संदल चादर जुलूस**

**नवभारत,दमोह।** हजरत ख्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रह. के सालाना उर्स के तीसरे दिन आज चिश्ती नगर से संदली चादर का जुलूस पूरे एहतेराम के साथ निकाला गया।जुलूस जैसे ही गली-मोहल्लों से गुजरा, अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों और फूलों के साथ निकला जुलूस शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए दरगाह पुराना बाजार नंबर 2 चिश्ती नगर पहुंचा.

## खाद्य विभाग की टीम ने डोमिनोज पिज्जा सेंटर का निरीक्षण कर कई खामियां पकड़ी

- लाइसेंस निलंबित कर किया नोटिस जारी

**नवभातर,दमोह।** दमोह में खाद्य विभाग की टीम ने डोमिनोज पिज्जा सेंटर का निरीक्षण कर कई खामियां पकड़ी हैं। निरीक्षण के दौरान एक ही किचन में वेज और नॉनवेज खाद्य पदार्थ तैयार किए जाने के साथ दोनों को एक ही फ्रीजर में रखे जाने की बात सामने आई। खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका के चलते विभाग ने चीज,सॉस और क्रीम के सैंपल




लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने डोमिनोज का लाइसेंस निलंबित करते हुए नोटिस जारी किया है।

### वेज-नॉनवेज एक ही किचन और फ्रीजर में

खाद्य विभाग की कार्रवाई के दौरान टीम ने पाया कि सेंटर में वेज और नॉनवेज फूड एक ही किचन में तैयार किया जा रहा था। इसके अलावा दोनों तरह के खाद्य पदार्थों को एक ही फ्रीजर में रखे जाने की जानकारी भी सामने आई। विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर भी जांच शुरू कर दी है।

### चीज,सॉस और क्रीम के सैंपल लिए

खाद्य विभाग की टीम ने सेंटर से चीज, सॉस और क्रीम के नमूने लिए हैं। इन सभी सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

> कार्रवाई के दौरान सामने आई खामियों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने डोमिनोज पिज्जा सेंटर का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। साथ ही सेंटर प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अब प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट और संबंधित पक्ष के जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मनमानी** — कछुआ गति से चल रहा 35 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे भवन निर्माण का कार्य

# करोडों रुपए की लागत से निर्मित हो रहे भवन में अनेकों खामियां

**नवभारत, पथरिया।** प्रदेश में शिक्षा की स्तिथि बेहतर करने के उद्देश्य से शासन की महत्वकांशी योजनाओं में से एक सांदीपनी विद्यालय योजना शुरू की गई एवं सभी तहसील व जिला स्तरों पर सर्वसुविधायुक्त आधुनिक भवनों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इसी क्रम में पथरिया के वार्ड क्रमांक 14 में संचालित विद्यालय परिसर में करीब 35 करोड़ रुपए की लागत से भवन निर्माण का कार्य कछुए जैसी सुस्त गति से करवाया जा रहा है। उक्त भवन में कार्य प्रारंभ से ही बहुत घटिया और अमानक सामाग्री का उपयोग करवाया गया है।वर्तमान में भी यथास्तिथि बरकरार है भवन में कई हाईवा मिट्टी युक्त रेत व पत्थर की अनुउपयोगी रेत का उपयोग किया गया है जबकि अनुबंध में मिट्टी युक्त व पत्थर की रेत लगाने का प्रावधान नहीं है। लेकिन





### बस, पेयजल, खेल व अन्य सुविधाएं अधर में

पिछले सत्र में प्रथम चरण के सांदीपनि स्कूलों में नि:शुल्क बस परिवहन सुविधा शुरु होनी थी लेकिन पथरिया में यह सुविधा अब तक उपलब्ध नहीं हो सकी। दूर-दराज के गांवों से आने वाले कई विद्यार्थियों ने परिवहन सुविधा की उम्मीद में प्रवेश लिया था बस न मिलने से उन्हें निजी सार्वजनिक परिवहन या वैन का सहारा लेना पड़ रहा है। विद्यालय में सालों से पेयजल एवं शौच आदि के उपयोग के लिए पानी की अति समस्या बनी हुई है इसी तरह बच्चों को खेल मैदान सहित कई चीजों का अभाव है।

ठेकेदार द्वारा डीपीआर अनुबंध की अनदेखी कर गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है। उक्त भवन में तराई भी बहुत कम करवाई गई है, जिससे भवन में जगह-जगह दरारे आ गई हैं और दरारे पुट्टी से ढक दी गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि मौका स्थल पर कभी उपमंत्री भी नहीं रहते और अब तक म.प्र.भवन निर्माण दमोह के एस.डी.ओ,ई.ई और संबन्धित अधिकारी निरिक्षण के नाम पर केवल औपचारिकता करते आए है। जिम्मेदार उपमंत्री की गैर मौजूदगी एवं वरिष्ठ अधिकारीयों अनदेखी भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर स्पष्ट संकेत करती है।

### अवैध उत्खनन कर किया बिल्डिंग का पुराव

वहीं नजदीकी श्री सिद्ध पहाड़ी से अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर सैकड़ों डंपर सांदीपनी (सी.एम राइज) विद्यालय भवन के पुराव में चचरा/ड़ाला गया जिसमें अनेकों बहुमुल्य पेड़-पौधे नष्ट किए गए है एवं लंबे समय से साहू क्रेशर से अब तक हजारों हाईवा/डंपर लाल मिट्टी/मुरम/पत्थर का बिल्डिंग में पुराव किया गया है जबकि पुराव के लिए न तो निर्माण एजेंसी ने खनिज विभाग से परमीशन ली और न क्रेशर ठेकेदार के पास मिट्टी मुरम पत्थर खनन परिवहन करने की परमीशन है। जिससे उक्त दोनों ठेकेदारों द्वारा शासन के नियमो विरुद्ध कार्य किया गया है और शासन को लाखों,करोडों रुपए के राजस्व की क्षति पहुँचाई गई है जिम्मेदार लोगों द्वारा बच्चों की सुरक्षा व भविष्य से जुड़े उक्त गंभीर मामले को भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग करने उच्च स्तरीय जाँच की माँग की जा रहीं है।

> **इनका कहना है**
> आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है मैं एसडीएम को भेज कर निरिक्षण करवाता हूं, अगर गुणवत्ता सही नहीं पाई जाएगी तो संबधित ठेकेदार पर कार्यवाही की जावेगी। - प्रताप नारायण यादव, कलेक्टर दमोह

## डबरा तालाब में मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी

**नवभारत,दमोह।** हिंडोरिया थाना के वार्ड क्रमांक 05 के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित डबरा तालाब में रविवार को एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान ऋषभ उर्फ सोनू नामदेव पिता ललित नामदेव,उम्र 35वर्ष,निवासी वार्ड क्रमांक 09, हिंडोरिया के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार तालाब के किनारे ही मृतक की मोटर साइकिल भी खड़ी मिली।स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अंजलि अग्निहोत्री ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक अशोक सिंह एवं प्रधान आरक्षक मयूर बडगईयां को मौके पर भेजा। पुलिस टीम ने मौका स्थल का निरीक्षण किया और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।



जीवित अवस्था का चित्र

## गांजा तस्करी के आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 20,000 रुपये का अर्थदण्ड

**नवभारत,दमोह।** न्यायालय अमर गोयल, विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट दमोह की अदालत ने विशेष प्रकरण क्रमांक-एससी एनडीपीएस 08/2020 थाना- गैसाबाद अपराध क्रमांक 240/2020 में आरोपी गोपारंजन पटनायक, उम्र 48 वर्ष, निवासी-नुआ अड़ापारा, थाना जुजुमुरा,जिला संबलपुर (उड़ीसा) को सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से पैरवी धर्मेन्द्र सिंह तारन, सहायक निदेशक अभियोजन के नेतृत्व में एडीपीओ आशीष असाटी द्वारा की गई। बताया गया कि आरोपी गोपारंजन को धारा 20(बी)(पप)(बी) सहपठित धारा 8-सी व 29 एनडीपीएस एक्ट 1985 में 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 20,000 रुपये (बीस हजार रुपये) के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियोजन का मामला संक्षेप में इस प्रकार है 31 अक्टूबर 20 को थाना गैसाबाद में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजेन्द्र मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली.